# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


5 माता वैष्णो देवी धाम में चांदी घोटाला



6 कौन होगा गोल्डन बूट का हकदार?


7 अंतिम चरण में भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता


11 सात्विक-चिराग ने मैच छोड़ा, सिंधु दूसरे राउंड में

## एक नजर में



### उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन आज जयपुर जायेंगे

**नई दिल्ली.** उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन बुधवार को राजस्थान के जयपुर का दौरा करेंगे। उप राष्ट्रपति सचिवालय ने मंगलवार को बताया कि श्री राधाकृष्णन इस दौरान राजस्थान विधानसभा के 75 वें वर्ष के समारोह के हिस्से के रूप में आयोजित विधायी गौरव यात्रा- पूर्व और वर्तमान सदस्यों का सम्मेलन के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में भी शामिल होंगे.




### चारा घोटाले में लालू की सजा पर लगी रोक

**नईदिल्ली, 14 जुलाई.** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को देवघर चारा घोटाला मामले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद की सजा पर रोक को बरकरार रखते हुए झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया. अदालत ने हालांकि उच्च न्यायालय से श्री यादव की लंबित आपराधिक अपील पर छह महीने के भीतर फैसला करने का अनुरोध किया.

### अधिकारों के हनन के लिए पाक जिम्मेदार: भारत

**नई दिल्ली.** भारत ने कहा है कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में चल रहे विरोध प्रदर्शन पाकिस्तान द्वारा उसके अवैध कब्जे वाले क्षेत्रों में दशकों से किये जा रहे शोषण, मौलिक अधिकारों के हनन और प्रशासनिक उत्पीड़न का सीधा परिणाम है।

## गुस्ताखी माफ




# टेक-होम राशन की जिम्मेदारी आजीविका मिशन से वापस ली

- महिला बाल विकास विभाग के जिम्मे होगी व्यवस्था
- स्व सहायता समूह से होगी पूरक पोषण की सप्लाई

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 14 जुलाई. आंगनवाड़ी में आने वाले 6 माह से तीन साल के नौनिहालों को मिलने वाले टेक-होम राशन की व्यवस्था एक बार फिर बदल गई है. अब तक राशन बनाने से लेकर सप्लाई तक की जिम्मेदारी संभाल रहे राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन को इससे अलग कर दिया गया है. अब ये जिम्मेदारी पूरी तरह विभाग की होगी.**

विभाग फिलहाल स्व सहायता समूह के माध्यम से ही राशन बनाने से लेकर सप्लाई तक करने का इंतजाम करेगा. पिछले तीन माह से भी अधिक समय से टेक होम राशन मिलना बंद था, अब अगले सप्ताह से फिर नौनिहालों को पौष्टिक राशन मिलना शुरू हो सकता है.

मंगलवार को कैबिनेट ने इस संबंध में निर्णय ले लिया है. ये व्यवस्था भी अंतरिम होगी. अंतरिम व्यवस्था तत्काल प्रारंभ किए जाने के साथ ही भारत सरकार के नए दिशा निर्देश जारी होने एवं नवीन निर्देश अनुसार



व्यवस्था स्थापित होने तक के लिए टेक होम राशन की व्यवस्था, अल्प कालीन निविदा के माध्यम से किए जाने के लिए विभाग को अधिकृत किया गया है. भारत सरकार के नवीन दिशा निर्देश जारी होने के बाद विभाग स्थायी व्यवस्था स्थापित करेगा. जो स्व सहायता समूह अब तक राशन बना रहे थे, वे आगे भी यह काम करेंगे. आंगनवाड़ी केंद्रों तक राशन तैयार कर भेजा जाएगा. अब स्व सहायता समूह के लिए भी राशन तैयार करने के नए नियम बनेंगे, जिससे कि गुणवत्ता प्रभावित नहीं हो.

> दरअसल आजीविका मिशन स्व सहायता समूहों के माध्यम से टेक होम राशन तो तैयार कर रहा था, लेकिन इसका फायदा समूहों को नहीं मिल रहा था. मिशन का तर्क था कि उसे लगातार घाटा हो रहा है, क्योंकि प्रति हितग्राही केंद्र सरकार अभी 8 रुपए दे रही है, वहीं खर्च लगभग 10 रुपए तक है. ऐसे में मिशन का तर्क है कि उसे प्रतिवर्ष 30 से 40 करोड़ रुपए तक नुकसान हो रहा है.

(शेष पेज 2 पर)

### विकास के लिए 8 हजार 445 करोड़ की स्वीकृति

कैबिनेट ने वाणिज्य कर विभाग के तहत पालिका अधिनियम अंतर्गत पंजीयन एवं मुद्रांक शुल्क के अधिभार से प्राप्त राशि का निधि में अंतरण से संबंधित योजना के आगामी 5 वर्षों तक संचालन के लिए 8 हजार 445 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी है. पालिका अधिनियम के तहत मुदांक शुल्क के साथ म.प्र. नगर पलिका/नगर निगम अतिरिक्त शुल्क के रूप में उद्गहीत की गई राशि को नगरीय विकास विभाग को अंतरित किया जाता है. वाणिज्यिक कर विभाग के कार्यालय संचालन के लिए 521 करोड़ 4 लाख रुपये की स्वीकृति दी है. आगामी 5 वर्षों की अवधि यानि वित्तीय वर्ष 2026-27 से वर्ष 2030-31 तक के लिए निरंतर संचालन के लिए कुल राशि 521 करोड़ 4 लाख रुपये की स्वीकृति दी है.

# भोजशाला में नमाज पर रोक बरकरार

- भोजशाला के बाहर नमाज के लिए जगह दें: सुको
- शुक्रवार दोपहर 1 से 3 बजे के बीच दें स्थान

नव भारत न्यूज

**इंदौर/धार. धार की भोजशाला कमाल मौला परिसर विवाद में मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ के आदेश पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया. इसके साथ ही हाई कोर्ट द्वारा निर्धारित व्यवस्था फिलहाल जारी रहेगी.**



शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक शुक्रवार दोपहर 1 से 3 बजे के बीच मुस्लिम पक्ष के लिए भोजशाला परिसर के समीप नमाज अदा करने हेतु वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराया जाए.

सुप्रीम कोर्ट में मुस्लिम पक्ष ने हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें भोजशाला परिसर के भीतर शुक्रवार की नमाज की अनुमति समाप्त कर दी गई थी. सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने मामले को संवेदनशील बताते हुए फिलहाल हाई कोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया. अदालत ने स्पष्ट किया कि नमाज के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली वैकल्पिक व्यवस्था अंतरिम होगी और मामले के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगी.

> गौरतलब है कि मध्यप्रदेश हाई कोर्ट ने अपने अंतरिम आदेश में भोजशाला परिसर के भीतर शुक्रवार की नमाज पर रोक लगाते हुए राज्य सरकार को परिसर के बाहर वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे. इसी आदेश के खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था. मंगलवार को हुई सुनवाई में शीर्ष अदालत ने हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, जिससे फिलहाल वही व्यवस्था प्रभावी रहेगी.

### सोनम की जमानत पर 17 को होगी बहस

**इंदौर, 14 जुलाई.** कारोबारी राजा रघुवंशी हत्याकांड में आरोपी पत्नी सोनम रघुवंशी को फिलहाल राहत नहीं मिली. सुप्रीम कोर्ट ने उसकी जमानत याचिका पर मंगलवार को सुनवाई नहीं की और अब मामले पर 17 जुलाई को बहस होगी. सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सोनम रघुवंशी की जमानत याचिका सूचीबद्ध थी, लेकिन इस पर सुनवाई नहीं हो सकी. अब 17 जुलाई को मेघालय सरकार गिरफ्तारी के समय उपलब्ध कराए गए दस्तावेज और तथ्यों की प्रति कोर्ट में पेश करेगी तथा जमानत का विरोध करेगी.

# हाफिज सईद के खिलाफ गैरजमानती वारंट

**पहलगाम हमला**

- एनआईए ने कहा- जांच के लिए गिरफ्तारी जरूरी
- आतंकी साजिश की जांच में आगे बढ़ी कार्रवाई

**नई दिल्ली, 14 जुलाई. पहलगाम आतंकी हमले की जांच के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कोर्ट ने हाफिज सईद के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है.**

हाफिज सईद पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का संस्थापक बताया जाता है और भारत में कई आतंकी



घटनाओं से जुड़े मामलों में उसका नाम सामने आ चुका है. एनआईए पहलगाम हमले की साजिश, उससे जुड़े नेटवर्क और इसमें शामिल लोगों की भूमिका की जांच कर रही है. अदालत की ओर से जारी वारंट जांच प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है. जांच एजेंसी इससे पहले भी आतंकी गतिविधियों से जुड़े मामलों में कई आरोपियों और संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई कर चुकी है. हाफिज सईद पर भारत में हुए कई बड़े आतंकी हमलों की साजिश में शामिल होने के आरोप लगे हैं। अदालत का यह आदेश ऐसे समय आया है, जब सुरक्षा एजेंसियां आतंकी घटनाओं के पीछे काम करने वाले नेटवर्क और उनके सहयोगियों की पहचान करने में जुटी हैं. एनआईए मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जारी रहेगी.

# शाह की 40 मिनट तक योगी से बातचीत

**नई दिल्ली 14 जुलाई. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को दिल्ली दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच करीब 40 मिनट तक बातचीत हुई.**

यह मुलाकात ऐसे समय हुई है, जब अयोध्या के राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज है और विपक्ष सरकार पर सवाल उठा रहा है. सीएम योगी आदित्यनाथ दिल्ली स्थित कर्तव्य भवन पहुंचे और वहां गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की.



हालांकि दोनों नेताओं के बीच हुई बातचीत के विषयों को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी जारी नहीं की गई है. राजनीतिक गलियारों में इस बैठक को उत्तर प्रदेश से जुड़े अहम मुद्दों और आगामी राजनीतिक गतिविधियों से जोड़कर देखा जा रहा है. (शेष पेज 2 पर)

# ज्ञानवापी प्रकरण में मध्यस्थता पर नहीं बनी सहमति

**वाराणसी, 14 जुलाई. ज्ञानवापी: श्रृंगार गौरी प्रकरण में उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर मंगलवार को कोर्ट के मध्यस्थता केंद्र में जज मुकुल पांडेय के समक्ष हुई सुनवाई किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी.**

मुस्लिम पक्ष अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी द्वारा पहले ही मध्यस्थता के माध्यम से विवाद के समाधान से इनकार किए जाने के बाद हिंदू पक्ष ने भी इस प्रक्रिया पर अपनी असहमति जता दी. हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि मुस्लिम पक्ष ने मध्यस्थता केंद्र में कहा कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए उनके लिए मध्यस्थता बाध्यकारी नहीं है और इसकी कोई आवश्यकता नहीं है. इसके जवाब में हिंदू पक्ष ने कहा कि ज्ञानवापी परिसर पर अतिक्रमण है और परिसर को मुक्त किया जाना चाहिए, जिससे भविष्य में काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग के स्थान पर मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो सके.

# टैंकर पर ईरानी मिसाइल हमले में भारतीय नाविक की मौत

- घटना के बाद भारत ने तलब किए ईरानी राजनयिक
- यह कदम हाई-लेवल डिप्लोमैटिक माना जा रहा

**नई दिल्ली, 14 जुलाई. होर्मुज जलडमरूमध्य में यूएई के दो टैंकरों पर ईरानी क्रूज मिसाइल हमले में एक भारतीय नाविक की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। इस घटना के बाद भारत ने ईरान के डिप्टी चीफ ऑफ मिशन मोहम्मद जवाद होसैनी सहित उच्चस्तरीय ईरानी राजनयिकों को विदेश मंत्रालय में तलब किया है।**

यूएई रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को आधिकारिक बयान जारी कर पुष्टि की कि ओमान के समुद्री क्षेत्र में होर्मुज जलडमरूमध्य के दक्षिणी मार्ग से गुजरते समय यूएई झंडे वाले टैंकर 'मोम्बासा' और 'बाहिया' को ईरानी क्रूज मिसाइलों से निशाना बनाया गया। 'मोम्बासा' पर हुए हमले में एक भारतीय क्रू सदस्य की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य नाविक घायल हुए। घायलों में छह भारतीय और दो यूक्रेनी नागरिक शामिल हैं, जिनमें से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। हमले के बाद दोनों जहाजों में भीषण आग लग गई। बाद में इमरजेंसी टीमों ने आग पर काबू पा लिया। घटना के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने तुरंत ईरानी राजनयिकों को तलब किया। राजधानी में विदेश मंत्रालय मुख्यालय से ईरानी डिप्टी चीफ ऑफ मिशन को निकलते देखा गया। यह कदम हाई-लेवल डिप्लोमैटिक प्रतिक्रिया माना जा रहा है.

### होर्मुज में स्वतंत्र नौवहन दुनिया भर में ऊर्जा और आर्थिक सुरक्षा के लिए जरूरी: भारत



**नई दिल्ली 14 जुलाई.** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप की होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों पर 20 प्रतिशत टैक्स लगाने के ऐलान के बीच भारत ने होर्मुज में स्वतंत्र नौवहन की पुरजोर वकालत करते हुए इसे दुनिया भर में ऊर्जा और आर्थिक सुरक्षा के लिए जरूरी बताया है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को यहां साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में इस बारे में पूछे गये सवाल के जवाब में कहा कि भारत पश्चिम एशिया की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखे हुए है और होर्मुज में स्वतंत्र नौवहन का पक्षधर है.

# कॉन्स्टेबल भाटी ने किया सुसाइड

## मनीष पत्नी का मर्डर कर हो गया था फरार

**नई दिल्ली, 14 जुलाई. दिल्ली के कल्याणपुरी इलाके में अपनी पत्नी की हत्या के आरोप में फरार चल रहे कॉन्स्टेबल मनीष भाटी ने खुद को गोली मार ली. पुलिस को मंगलवार शाम को मनीष भाटी का शव ईस्ट दिल्ली के मयूर विहार के पास एक पार्क में मिला.**

ईस्ट दिल्ली के कल्याणपुरी इलाके में पत्नी की हत्या करने के बाद वो फरार चल रहा था. आरोपी ने पत्नी को जन्मदिन पर गोली मार दी थी. मनीष और उसकी पत्नी प्रियंका के मध्य बीच सड़क पर तीखी बहस शुरू हो गई थी. प्रियंका कथित तौर पर परेशान थी, क्योंकि उसके पति ने उसे जन्मदिन की शुभकामनाएं नहीं दी जिससे बहस शुरू हो गई और इसके बाद गोलीबारी की घटना हुई. पुलिस के अनुसार, प्रियंका और उसके पति घर पर बहस के बाद सोमवार तड़के दोपहिया वाहन पर अपने न्यू विनोद नगर स्थित आवास से एक साथ निकले. उसने अपनी पत्नी की छाती में गोली मार दी और उसे सड़क किनारे खून से लथपथ छोड़कर मौके से भाग गया. उसे लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

# सीसीटीवी में देखे गए दो आतंकी

- दो संदिग्धों की तलाश में सेना का ऑपरेशन
- राजौरी में थन्नामंडी इलाके में बढ़ाई गई सुरक्षा

**राजौरी, जम्मू-कश्मीर, 14 जुलाई. जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के थन्नामंडी क्षेत्र में सीसीटीवी फुटेज में दो संदिग्ध व्यक्तियों के दिखाई देने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं.**

देर रात सड़क पार करते हुए कैमरे में कैद हुए इन संदिग्धों की तलाश के लिए पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और भारतीय सेना ने संयुक्त सर्च ऑपरेशन शुरू किया है. सीसीटीवी फुटेज से मिले इनपुट के बाद पुलिस के स्पेशल ऑपरेशंस ग्रूप और सेना की टीमों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी. सुरक्षा बलों ने संदिग्धों की तलाश के लिए थन्नामंडी क्षेत्र के आसपास के इलाकों में जांच तेज कर दी है. सुरक्षा बलों द्वारा भंगाई, हासप्लोट, कार्योट, कोपरा टॉप और आसपास के घने जंगलों में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है.

> **संभावित ठिकानों की जांच की जा रही**
> अभियान के दौरान संभावित ठिकानों और संदिग्ध गतिविधियों की जांच की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है. सुरक्षा एजेंसियां इलाके में किसी भी संभावित खतरे को रोकने के लिए लगातार निगरानी बनाए हुए हैं. फिलहाल सुरक्षाबलों की कई टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में तलाशी अभियान चला रही हैं. अभियान के दौरान स्थिति पर नजर रखी जा रही है और जांच जारी है.

**खुलासा** साइबर ठगों ने 21.06 करोड़ खपा दिए 20 हजार ट्रांजेक्शन से

# कश्मीर से कन्याकुमारी तक फैले हैं ये हजारों बैंक खाते

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 14 जुलाई. मध्य प्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अशोक विजयवर्गीय से हुई 21 करोड़ 6 लाख रुपए की साइबर ठगी ने जांच एजेंसियों को चौंका दिया है.**

अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगों ने इस पूरी रकम को चार लेयर में 20 हजार से ज्यादा बैंक ट्रांजेक्शन के जरिए कन्याकुमारी



से कश्मीर तक फैले हजारों बैंक खातों में खपा दिया. जांच में सामने आए 99 फर्स्ट लेयर बैंक अकाउंट अब साइबर टीम के रडार पर हैं. पुलिस ने अब तक करीब 2 करोड़ रुपए फ्रीज कराए हैं. जांच में पता चला है कि ठगों ने रकम को एक-दो शहरों तक सीमित नहीं रखा. पैसा कन्याकुमारी से कश्मीर और गुजरात से कोलकाता तक फैले हजारों बैंक खातों में ट्रांसफर किया गया. इसके बाद रकम को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर आगे भेजा गया ताकि जांच एजेंसियों के लिए उसकी ट्रेल पकड़ना मुश्किल हो जाए. ठगों ने इस 21 करोड़ रुपए को हड़पने के लिए एक दो शहर नहीं बल्कि पूरे देश के बैंकों का उपयोग किया. चेन्नई से लेकर कश्मीर तक और गुजराज से लेकर कोलकाता तक हजारों बैंक खातों में ट्रांजेक्शन किए गए.

> **जटिल फोर-लेयर बैंकिंग नेटवर्क का हुआ इस्तेमाल**
> साइबर टीम की नजर उन बड़े बैंक अकाउंट पर है जिनमें मोटी रकम ट्रांसफर की गई है. सायबर एक्सपर्ट्स और जांच अधिकारियों के अनुसार, ठगों ने इस पूरी राशि को पुलिस की पकड़ से दूर रखने के लिए एक जटिल फोर-लेयर बैंकिंग नेटवर्क का इस्तेमाल किया. पिछले 7 महीनों के दौरान पीड़ित के खाते से निकले पैसों को 20 हजार से अधिक छोटे-बड़े ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए देश भर में घुमाया गया.

# 3 करोड़ की चोरी का अनुमान: कोषाध्यक्ष

**राम मंदिर केस**

- आरोपी लवकुश का मकान सील करने की तैयारी
- वीआईपी पास रद्द, वेबसाइट से हटाए दो नाम

**अयोध्या, उत्तर प्रदेश, 14 जुलाई. श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे की चोरी के मामले में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरि ने कहा है कि उनके अनुमान के मुताबिक करीब 3 करोड़ रुपए की चोरी हुई होगी.**

उन्होंने यह बयान पुणे में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दिया. हालांकि, 14 करोड़ रुपए के सोने-चांदी के जेवर और नकदी चोरी होने की चर्चा पर उन्होंने स्पष्ट जानकारी नहीं दी. इधर, अयोध्या विकास प्राधिकरण ने चढ़ावा चोरी मामले के आरोपी लवकुश मिश्रा के निर्माणाधीन मकान पर अंतिम नोटिस चस्पा कर दिया है. अब एडीए ने 15 जुलाई तक जवाब देने का अंतिम मौका दिया है. जवाब नहीं मिलने पर मकान को सील करने की कार्रवाई की जा सकती है. वहीं, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की वेबसाइट से पूर्व महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र की जानकारी हटा दी गई है. मामले में पुलिस आरोपी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू और सुभाष श्रीवास्तव को रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है.

### इस्तीफा नहीं दूंगा: गिरि

अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दान की कथित चोरी के मामले के बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी महाराज ने स्पष्ट किया है कि वह अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगे. पुणे में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि निगरानी व्यवस्था में कुछ चूक अवश्य हुई है, लेकिन वह स्वयं को व्यक्तिगत रूप से इसके लिए जिम्मेदार नहीं मानते.